# न्यायालय उप खण्ड अधिकारी, सोजत जिला पाली

पीठासीन अधिकारीः— श्री मासिंगा राम, आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्याः— 182/2025

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. सुखदेव पुत्र भबूतराम जाति जाट निवासी रेपड़ावास तह0 सोजत जिला पाली राज0। | | 1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार (भूमि धारक) सोजत जिला पाली |

**राजस्व प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956**

**उपस्थितिः—**

1. प्रार्थी स्वयं उपस्थित।
2. तहसीलदार सोजत स्वयं उपस्थित।

—: **निर्णय** :— दिनांकः — 25/09/2025

प्रार्थी ने राजस्व प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 एल0आर0 एक्ट 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि सरहद मौजा रेपड़ावास, प0ह0 रेपड़ावास, भू—अ0नि0 क्षेत्र चाड़वास तह0 सोजत में खाता सं0 412 में प्रार्थी अपना नाम सुखाराम पुत्र भभूतराम के स्थान पर सुखदेव पुत्र भबूतराम राजस्व रेकर्ड में दुरूस्त किये जाने का आदेश फरमाये जाने की ईश्तदुआ की हैं।

इस पर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार सोजत से रिपोर्ट चाही गई। उक्त त्रुटि के राजस्व रेकर्ड में दुरूस्त करने के संबंध में पटवारी हल्का रेपड़ावास, भू0अ0नि0 चाड़वास मय तहसीलदार सोजत की अनुशंषा सहित रिपोर्ट प्राप्त हुई।

तहसीलदार सोजत की रिपोर्ट अनुसार सरहद मौजा रेपड़ावास, प0ह0 रेपड़ावास, भू—अ0नि0 क्षेत्र चाड़वास तह0 सोजत में खाता सं0 412 में प्रार्थी का नाम सुखाराम पुत्र भभुतराम के स्थान पर सुखदेव पुत्र भबूतराम राजस्व रेकर्ड में दुरूस्त प्रविष्टि दर्ज किये जाने के आदेश किये जाते हैं। तदानुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किये जाने हेतु तहसीलदार सोजत को उक्त निर्णय की प्रति भेजी जाकर पालना मंगवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील/तरतीब जाब्ता दाखिल दफ्तर/लेख्य भण्डार जमा हो।

(मासिंगा राम)
उपखण्ड अधिकारी, सोजत

यह निर्णय आज दिनांक 25/09/25 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर बाद हस्ताक्षर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(मासिंगा राम)
उपखण्ड अधिकारी, सोजत